दैनिक जागरण 05/04/2026

जीएमएन में वाक फार वाटर रैली से जल संरक्षण का दिया संदेश

अंबाला कैंट के जीएमएन कालेज में जागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : अंबाला छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में एसडीजी क्लब, ईको क्लब, एनएसएस तथा समाजशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वाक फार वाटर कार्यक्रम का आयोजन एपेक्स एसडीजी के सहयोग से किया। जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित करना और जल के महत्व के बारे में व्यापक संदेश देना था। विद्यार्थियों ने पारंपरिक मटकों में पानी भरकर कालेज के मुख्य द्वार से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक पदयात्रा की। इस पहल के माध्यम से छात्रों ने आमजन को जल के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए 'जल है तो कल है' का सशक्त संदेश दिया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है और प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह जल के संरक्षण के लिए जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम में डा. कुलदीप यादव, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. अमिता तथा गीता बिंद्रा मौजूद रहे। कालेज में नशा जागरूकता अभियान के तहत अंश राठी ने पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन में प्रथम, अदिति ने डिक्लेरेशन प्रतियोगिता में प्रथम जबकि गौरव भारद्वाज ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कालेज में फैकल्टी आफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एवं कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट द्वारा आज एक एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन भी किया गया।